कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, बेतिया

पत्रांक....................................... दिनांक....................................

प्रेषक :–
ई० रमेंश पंडित
कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, बेतिया।

सेवा में,
मे० मल्लिकार्जुन इन्फ्राविल्ड प्रा० लि०
04– गायत्री कॉलोनी वानुछापर
बेतिया प० चम्पारण

विषय :– ***डीबार करने के संबंध में।***

प्रसंग :– इस कार्यालय के पत्रांक – 1318 दिनांक 29.11.2021 ,पत्रांक 1469 दिनांक 29.12.2021, पत्रांक 86 दिनांक 28.01.2022, पत्रांक 543 दिनांक 25.04.2022 एवं पत्रांक 629 दिनांक 18.05.2022 सहायक अभियंता भवन अवर प्रमण्डल सं०–02 का पत्रांक 01 दिनांक 04.04.2022, पत्रांक 02 दिनांक 29.04.2022 एवं अधीक्षण अभियंता भवन अंचल मोतिहारी का पत्रांक 486 दिनांक 21.05.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सूचित करना है कि प० चम्पारण बेतिया जिला अंतर्गत रेफरल अस्पताल गौनाहा के चाहारदिवारी का निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तिथि 27.09.2021 एवं कार्य समाप्ति की तिथि की तिथि 26.11.2021 है। प्रासंगिक पत्रो के माध्यम से कार्यो में तेजी लाकर गुणवतापूर्वक तथा प्राक्कलन के विशिष्टियो के अनुरुप कार्य शीध्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। दिनांक 11.07.2022 को सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता द्वारा स्थल निरीक्षण किया तथा कार्य बन्द पाया गया। दो माह में कार्य को पूर्ण करना था लेकिन नौ माह से अधिक समय बित जाने के बाद भी आज तक कार्य पूर्ण नही किया जा सका जो अत्यंत ही खेद का विषय है।

आपकी उदासीनता एवं कार्य के प्रति लापरवाही को देखते हुए आपके निबंधन को अगले किसी भी कार्य में भाग लेने हेतु डीबार किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह० -
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, बेतिया।

ज्ञापांक :– 879 दिनांक :– 14/7/22

प्रतिलिपिः अधीक्षण अभियंता भवन अंचल मोतिहारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित ।

प्रतिलिपिः मुख्य अभियंता (उ०) भवन निर्माण विभाग बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः संयुक्त सचिव भवन निर्माण विभाग बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपिः आइ० टी० मैनेजर भवन निर्माण विभाग बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः सहायक अभियंता भवन अवर प्रमण्डल सं०2 सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14.7.22

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, बेतिया।
14/7/22

D:\Letter_2020\Contractor.docx_Contractor_19